## महत्वपूर्ण एवं खास



### प्रसव पीड़िताओं को डायल 112 टीम से मिल रही है मदद

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लॉक डाउन में पब्लिक ट्रांसपोर्ट बंद होने से आवश्यक कार्यों के जाने वाले लोग अपने निजी वाहन का उपयोग कर रहे हैं। इन वाहनों पर वे संबंधित आवश्यक सेवा के कागजात चस्पा किए हुए हैं जिनसे पुलिस की चेकिंग दौरान बता सके कि किस प्रकार की आवश्यक सेवाओं में वे घर से बाहर हैं। ऐसे में अस्पताल जाने के लिए पीड़ित एंबुलेंस या फिर डायल 112 को कॉल कर मदद ले रहे है जिसमें डायल 112 को प्रसव पीड़िता द्वारा कॉल कर ज्यादा मदद ली जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 09.04.2020 को डायल 112 के चक्रधरनगर, सारंगढ़, भूपदेवपुर राइनो को क्रमशः कोलाईबहाल, प्रतापगंज सारंगढ़ एवं अमलीदीपा भूपदेवपुर में प्रसव पीड़िता को अस्पताल पहुंचाने के लिए इवेंट मिला था। मेडिकल इमरजेंसी पर राइनो के आरक्षकों द्वारा ईआरव्ही वाहन से प्रसव पीड़िताओं को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### रायगढ़ पुलिस अब इंस्टाग्राम पर भी कर रही लोगों की मदद

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लॉक डाउन में सोशल मीडिया मनोरंजन के साथ-साथ प्रचार-प्रसार एवं सूचनाओं के आदान प्रदान करने का महत्वपूर्ण साधन रहा है। ऐसे में रायगढ़ पुलिस जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप, फेसबुक ट्विटर पर पहले ही उपलब्ध है। समय के साथ इंस्टाग्राम में बढ़ते यूजर की संख्या को देखते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा रायगढ़ पुलिस का इंस्टाग्राम अकाउंट बनवाया गया है। अब इंस्टाग्राम यूजर, इंस्टाग्राम पर भी रायगढ़ पुलिस को फॉलो कर रायगढ़ पुलिस को अपने महत्वपूर्ण सुझाव या अन्य कोई जानकारी दे सकते हैं।समय-समय पर रायगढ़ पुलिस द्वारा सोशल मीडिया अकाउंट्स पर महत्वपूर्ण जानकारियां एवं रायगढ़ पुलिस की उपलब्धियां शेयर की जाती है जिसे भी इस पेज पर देखा जा सकता है। रायगढ़ पुलिस के इंस्टाग्राम अकाउंट को नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक कर फॉलो किया जा सकता है।

### लॉक डाउन में मछली मारना पड़ा महंगा, दर्जन से अधिक लोगों पर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कोसीर अन्तर्गत ग्राम सिंघनपुर तालाब में लॉक डाउन दौरान गांव के कई लोगों द्वारा धारा 144 सीआरपीसी का उल्लंघन कर लापरवाही पूर्वक घरों से बाहर निकालकर स्वयं तथा दूसरों के लिए कोरोनावायरस के संक्रमण को फैलाने के नियत से मछली मार रहे थे। समाचार पत्रों में इस घटना का प्रकाशन प्रमुखता से किया गया था। समाचार कतरन की जांच कर तहसीलदार सारंगढ़ द्वारा मौके के आसपास लोगों से पूछताछ कर कथन लिया गया तथा इस लापरवाही कृत्य में संलिप्त 01. प्रकाश यादव पिता केशव यादव 02. केशव यादव 03. हेमंत यादव 04. मनोज यादव 05. दरश यादव व अन्य के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध करने हेतु अपनी रिपोर्ट थाना कोसीर भेजी गई जिस पर थाना कोसीर में आरोपियों के विरुद्ध धारा 188, 269 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए ऑन लाईन अध्ययन के लिए दस सदस्यीय टीम का गठन

**रायपुर (आरएनएस)।** उच्च शिक्षा विभाग अब स्कूलों की तर्ज पर कॉलेजों में भी ऑनलाइन पढ़ाई कराएगा। इसके लिए विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। वहीं मानिटरिंग के लिए 10 सदस्यीय टीम बनाई गई है। योजना के क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग के लिए अपर संचालक चंदन संजय त्रिपाठी के संयोजन में कमेटी तैयार की गई है। कमेटी में अपर संचालक हिमांशु शेखर, पीसी चौबे, प्राचार्य एसके त्रिपाठी, एसएस अग्रवाल, एसआर कमलेश, सुशील तिवारी, अमिताभ बनर्जी, सहायक प्राध्यापक वेणुगोपाल, जी घनश्याम को शामिल किया गया है। आदेश में उच्च शिक्षा विभाग ने लॉकडाउन की वजह से अकादमिक कैलेंडर में देरी की संभावना जताते हुए वीडियो लेक्चर तैयार कराने को कहा है। ग्रेजुएशन के सिलेबस के मुताबिक वीडियो लेक्चर तैयार किया जाएगा।

## जिले की पहली कोरोना डिसइन्फेक्शन टनल जिला अस्पताल रायगढ़ में स्थापित

**» कलेक्टर यशवंत कुमार की पहल पर लगा यह विशेष टनल**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोरोना वायरस के संक्रमण से रोकथाम के लिए कलेक्टर यशवंत कुमार की पहल पर जिला चिकित्सालय रायगढ़ में जिले का प्रथम कोरोना डिसइन्फेक्शन टनल स्थापित किया गया है। कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए लोगों को सेनेटाईज करने में उपयोगी इस टनल को विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। 20 फीट लम्बी और 5 फीट चौड़ी एवं 7 फीट ऊंची इस टनल में व्यक्ति को 5.7 सेकेण्ड के लिए गुजरना होगा। जिसमें से गुजरने पर लोगों पर सोडियम हाईपोक्लोराईट का स्प्रे किया जाता है जिससे व्यक्ति के सर के बाल, कपड़ों, शरीर व जूतों में मौजूद कोरोना वायरस को नष्ट किया जा सके।

कलेक्टर यशवंत कुमार ने बताया कि लोगों की ज्यादा आवाजाही वाले स्थानों संक्रमण फैलने का खतरा




अधिक होता है। अतः इस प्रकार के डिसइनफेक्शन टनल जल्द ही पटेलपाली सब्जी मंडी, कलेक्ट्रेट कार्यालय तथा अन्य जरूरी स्थानों में लगाये जायेंगे। जिससे कि लोगों को संक्रमण से दूर रखा जा सके। जिला चिकित्सालय में प्रवेश द्वार के समीप स्थापित टनल से यहां इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीज पहले खुद को डिसइन्फेक्ट करेंगे फिर अस्पताल में जाएंगे। इस टनल को हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के सहयोग से लगाया गया है। 500 लीटर की टैंक से जुड़ा यह स्प्रे, एक बार टैंक भरने के बाद 20 से 22 घंटे तक लगातार चलाया जा सकता है।

## लॉकडाउन का पालन न करने पर तोता छाप गुडाखू के मालिक मुरली अग्रवाल व उसके चालक पर हुई कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार सिंह को उनके सूत्र से सूचना मिली कि खरसिया निवासी मुरली अग्रवाल अपने कार में प्रतिदिन शाम को वॉक करने निकलते है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी खरसिया एवं चौकी प्रभारी खरसिया को निर्देशित किये कि इसकी तस्दीक करें और समझाइश देखकर लॉक डाउन का पालन करने निर्देशित करें अन्यथा विधिवत कार्यवाही करें। निर्देशों पर थाना प्रभारी खरसिया द्वारा जाकर चेक किया गया दो बार उनके द्वारा मुरली अग्रवाल को वॉक करते देखकर समझाइश दी गई कि लाक डाउन का उल्लंघन ना करें अन्यथा कार्यवाही की जावेगी। साथ ही चौकी प्रभारी खरसिया को मुरली अग्रवाल पर निगाह रखने निर्देशित किए। चौकी प्रभारी खरसिया नंद किशोर गौतम द्वारा अपने स्टाफ को मुरली अग्रवाल के निगरानी हेतु तैनात किये कि स्टाफ द्वारा मुरली अग्रवाल पूर्व की भांति इवनिंग वॉक पर निकले होने की सूचना दिया है, जिस पर दिनांक 08.04.2020 के शाम चौकी प्रभारी उप निरीक्षक गौतम अपने हमराह के साथ शाम करीब 18:00 बजे राठौर चौक के पास पहुंचे। मुरली अग्रवाल रायगढ़ रोड पर पैदल चल रहा था उसके पीछे उसकी कार सी.जी. 04 एम.एफ./0001 को चालक चलाते हुए आ रहा था जो पुलिस की गाड़ी को सामने से आते हुए देखकर कार चालक कार को छोड़कर भाग गया तथा मुरली अग्रवाल भी अंधेरे का फायदा उठाकर कहीं छिप गया। मौके पर मिले लोगों ने पुलिस को बताया कि वे दोनों बिना किसी बुनियादी आवश्यकता के घर से निकल कर रोड पर वाकिंग कर रहे थे। जिनके द्वारा समझा इसके बावजूद धारा 144 सीआरपीसी का स्पष्ट रूप से शासन के आदेशों का उलंघन कर लापरवाही पूर्ण कृत्य किया जा रहा था जिससे संक्रमण फैलने की सम्भावना हो सकती है। मौके पर घटना में प्रयुक्त वाहन सीजी 4 एम.एफ. 0001 को जप्त किया गया है।

## तालाब में नहाने गए एक ही परिवार के चार बच्चो की गहरे पानी मे डूबने से मौत

**» घटना के बाद गाँव मे पसरा मातम, जांच में जुटी पुलिस**

**कांकेर (आरएनएस)।** एक तरफकोरोना वायरस के कारण पूरी दुनिया रूक सी गई है। वहीं छत्तीसगढ़ के कांकेर से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। यहां एक ही परिवार के चार बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई है। बताया जा रहा है सभी बच्चे नहाने के लिए गांव के ही तालाब में गए हुए थे। इसी दौरान सभी बच्चे पानी में डूब गए। कांकेर के कोतवाली थाना अंतर्गत सरोना क्षेत्र के रावस की यह घटना है। घटना स्थल में पुलिस पहुंच चुकी है। देखते ही देखते गांव में मातम छा गई है। सभी बच्चों को तालाब से बाहर निकाल लिया गया है। पंचनामा कर पुलिस पीएम के भेजी है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह 11 से 12 बजे के बीच चारों बच्चे नहाने के लिए तालाब गए हुए थे, इस दौरान नहाते हुए सभी तालाब की गहराई में चले गए और सभी पानी में डूब गए। चारों बच्चे की उम्र 8 से 9 साल की बताई जा रही है। घटना कैसे हुए पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## कलेक्टर यशवंत कुमार की पहल पर डोनेशन ऑन व्हील्स सुविधा शुरू

**» राशन का सहयोग लेने घर तक पहुंचेगी गाड़ी » कलेक्टर यशवंत कुमार की अपील, अधिक से अधिक संख्या में सहयोग करें लोग**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार की पहल पर लॉक डाउन की अवधि में जिलेवासियों को कोई परेशानी न हो और इस संकट की घड़ी में जरूरतमंदों को राशन उपलब्ध हो सके इसके लिए फूड बैंक स्थापित किया गया है। जहां से राशन का पैकेट तैयार कर वितरित किया जा रहा है। जिसमें चावल 5 किलो ग्राम, दाल, चना एवं नमक 1-1 किलो ग्राम तथा साबुन एक नग मिलाकर पैकेट तैयार किया गया है। जिसके लिए दानदाताओं से बड़े पैमाने पर सहयोग प्राप्त हुआ है।

इसी क्रम में लॉक डाउन में दानदाता द्वारा जरूरतमंदों तक सहयोग पहुंचाया जा सकें इसके लिए शहर में डोनेशन ऑन व्हील्स सुविधा प्राम्भ की गई है। जिसके तहत प्रशासन की गाड़ी दानदाताओं के घरों तक जाकर सहयोग सामग्री इकठ्ठी करेगी। जिसके लिए इच्छुक व्यक्ति जिला कंट्रोल रूम 07762-223750 नम्बर पर कॉल कर दान की जाने वाली राशन सामग्री पैकेट एवं लोकेशन नोट कराकर राशन का दान कर सकते है। कंट्रोल रूम में सूचना देने पर डोनेशन ऑन व्हील वाहन आपके द्वारा दिए गए लोकेशन पर जाकर सामग्री प्राप्त करेगी तथा मौके पर ही धन्यवाद सह



पावती प्रमाण-पत्र उपलब्ध करायी जाएगी। कलेक्टर यशवंत कुमार ने लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में राशन पैकेट का दान करें जिससे इस मुश्किल घड़ी में जरूरतमंदों की बेहतर तरीके से मदद की जा सके।

उल्लेखनीय है कि अभी तक 29287 किलो ग्राम चावल, 3575 किलो ग्राम दाल, 12075 किलो ग्राम आलू, 1855 किलो ग्राम प्याज, 1855 किलो ग्राम नमक, 3711 नग साबुन इत्यादि का वितरण जनसहयोग से किया जा चुका है। इसके अलावा किसी को सहायता की आवश्यकता हो तो वह भी 07762-223750 इस नम्बर पर कॉल कर सकते हैं। उन्हें तत्काल सहायता प्रदान की जाएगी। जिला प्रशासन नागरिकों के लिए सदैव तत्पर है।

## सीमावर्ती जिले में नए कोरोना संक्रमित मिलने से जिला पुलिस अलर्ट

**» सीमाओं पर चेकिंग बढ़ाई गई केवल आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों की होगी एंट्री**

**» बगैर जानकारी दिए जिले में रह रहे व्यक्तियों की जांच जारी, होगी कड़ी कार्यवाही**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सीमावर्ती कोरबा जिले के कटघोरा तहसील में सात नए संक्रमित मरीज़ मिलने के बाद जिला पुलिस द्वारा और अधिक सतकर्ता बरती जा रही है। जिले में प्रवेश करने वाले सभी चेकपॉइंट्स में पुलिस ने चेकिंग बढ़ा दी गई है।



पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा स्वयं इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। उनके द्वारा राजपत्रित अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में प्रत्येक दिवस दिन व रात में दो-तीन बार इन चेकप्वाइंट को चेक करने के निर्देश दिए गए हैं, किसी भी चेक पॉइंट्स में कर्मचारियों द्वारा लापरवाही न बरती जाए इसे विशेष रूप से देखा जा रहा है। इन पॉइंट्स में पुलिस के जवान, पटवारी, कोटवार आदि तीन पालियों में ड्यूटीरत है।

वहीं जिले के भीतर भी ऐसे रहवासियों जो चोरी चुपे बाहर से आकर रह रहे हैं ऐसे लोगों की भी पहचान की जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में यह सुनिश्चित करने कहा गया है कि ऐसा कोई भी व्यक्ति बाहर से आकर नहीं रह रहा है और जो हाल ही में आए हुए हैं उन्हें होम आइसोलेट में रखे गए हो। निर्देशों पर ऐसे व्यक्तियों को घरों में होम आइसोलेट रहने की हिदायत देख कर उन पर निगाह रखी जा रही है तथा रहवासियों को बाहर से आए व्यक्तियों की जानकारी देने निर्देशित किया गया है। इसके बावजूद यदि कोई बगैर जानकारी थाने में दिए आकर किसी भी स्थान में रहता है उसके विरुद्ध सीधी कार्यवाही किए जाने के निर्देश पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को दिए गए हैं।

## हाईकोर्ट के न्यायाधीशों एवं न्यायिक सेवा के अधिकारी-कर्मचारियों ने दिया एक दिन का वेतन

**» मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा कराया 52.44 लाख रूपए**

**» भूपेश बघेल ने जताया आभार**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, रजिस्ट्री अधिकारियों-कर्मचारियों एवं अधीनस्थ्य न्यायिक सेवा के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा स्वैच्छिक रूप से एक दिन का वेतन कोरोना संकट से निपटने और जरूरतमंदों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष में प्रदान किया है।

हाईकोर्ट के रजिस्टार जनरल नीलमचंद सांखला द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के प्रमुख सचिव, विधि एवं विधायी विभाग मंत्रालय रायपुर को भेजे गए पत्र में मुख्यमंत्री सहायता कोष में 52 लाख 44 हजार 689 रूपए की सहायता राशि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सहित सभी न्यायाधीश एवं अधिकारियों-कर्मचारियों की ओर से मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा कराने की जानकारी दी है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वैश्विक महामारी कोविड-19 से निपटने में राज्य के नागरिकों की मदद के लिए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों एवं न्यायिक सेवा के अधिकारियों-कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया है।

## जिले में विदेश से आये 174 में से 145 एवं अन्य राज्यों से आये 5941 में से 5725 यात्री होम आईसोलेशन में

**» जिले में आज तक कोई भी कोरोना के पाजिटिव मरीज नहीं**

**» स्वास्थ्य विभाग कर रहा है इनकी नियमित मॉनिटरिंग**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 01 जनवरी 2020 के बाद विदेशों से कुल 174 यात्री आये हैं जिसमें से 145 यात्रियों का होम आईसोलेशन एवं क्वारेंटाईन की अवधि 28 दिवस पूर्ण हो चुका है। शेष 29 यात्रियों को होम आईसोलेशन में रखा गया है। इनके घरों के आस-पास 50 घरों का कम्यूनिटी सर्वेलेंस किया गया है एवं सतत् निगरानी रखी जा रही है। जिले में अन्य राज्य से अब तक कुल 5941 यात्री आये हैं जिसमें से 216 यात्रियों का होम आईसोलेशन की अवधि 28 दिवस पूर्ण हो चुका है। शेष 5725 यात्रियों को होम आईसोलेशन में रखा गया है एवं सतत् निगरानी की जा रही है। जिले में कुल 116 व्यक्तियों का सेम्पल संग्रहण कर जांच हेतु भेजा गया है। जिसमें से 114 व्यक्तियों का रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुआ है। शेष 02 का रिपोर्ट अप्राप्त है।

जिले के सभी निवासियों से अपील है कि लॉकडाउन को सफल बनाएं एवं सामाजिक दूरी के नियमों का कड़ाई से पालन करें तभी इसके प्रसार को नियंत्रित किया जा सकेगा। जिले में यदि ऐसे किसी भी संदिग्ध प्रवासी की जानकारी उन्हें प्राप्त होती है, तो टोल फ्री नम्बर 104 पर एवं अंतर्विभागीय समन्वय हेतु दोनों नम्बर 9589356700 तथा 9981811582 पर एवं जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल सूचना देवें। कोरोना संक्रमण के विरूद्ध लड़ाई में प्रशासन का सहयोग करें और अफवाहों से दूर रहें।

## जमातियों पर हाईकोर्ट सख्त, शासन को दिए कड़े निर्देश

**बिलासपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई हुई। इस दौरान हाईकोर्ट ने कोरोना वायरस को लेकर तब्लीगी जमात के लोगों के खिलाफ सख्ती दिखाई है। हाईकोर्ट ने शासन को आदेश दिया, कि- 'दिल्ली से आये तब्लीगी जमात के लोगों को ढूंढने सघन जांच अभियान चलाया जाये।

## पुरानी रंजिश पर बड़े भाई ने छोटे भाई की चाकू से की हत्या

**» आरोपी गिरफ्तार भेजा गया रिमांड पर, थाना धर्मजयगढ़ अंतर्गत हुई घटना**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना धर्मजयगढ़ अंतर्गत ग्राम रामपुर महाकुलपारा में रहने वाले शंकर यादव, खेमराज यादव और पीतांबर यादव तीनों सगे भाई हैं। सभी के खेत, जमीन का बंटवारा हो चुका है।



दिनांक 08.04.2020 के सुबह करीब 6:00 बजे गांव के कुधरीडांड के महुआ पेड़ का महुआ बिनने पितांबर यादव 40 वर्ष उसकी पत्नी व बच्चों के साथ गया था, जहां उसका मंझला भाई खेमराज यादव, पीतांबर यादव को महुआ बिनने नहीं दूंगा कहकर झगड़ा विवाद कर पुरानी रंजिश को लेकर चाकू से पितांबर यादव के पेट में मारा जिससे पितांबर को गंभीर चोटें आई और वह वहीं गिर कर फौत हो गया तथा खेमराज घटनास्थल से भाग गया। घटना की रिपोर्ट मृतक के लड़के मनोज यादव द्वारा थाना धर्मजयगढ़ में दर्ज कराया गया है रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 50/2020 धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर आरोपी खेमराज यादव पिता स्वर्गीय नरसिंह यादव उम्र 45 वर्ष निवासी रामपुर थाना धर्मजयगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## लॉकडाउन में भी बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की समुचित देखभाल के पुख्ता इंतजाम

**» मुख्यमंत्री ने रखा स्वास्थ्य, सुरक्षा और पोषण का पूरा ध्यान**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लॉकडाउन के दौरान प्रदेश में महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों सहित सभी जरूरतमंद लोगों के स्वास्थ्य और पोषण का पूरा ध्यान रख रहे हैं। इसके लिए महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया के मार्गदर्शन में समुचित प्रबंध किए जा रहे हैं। आंगनबाड़ियों के बंद होने से महिलाओं को पूरक पोषण आहार एवं बच्चों के लिए आहार (सूखा राशन) देने की व्यवस्था आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के माध्यम से की गई है। कुपोषित महिलाओं एवं बच्चों को भी सूखा पोषण आहार घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा पेंशनधारियों का ध्यान रखते हुए मार्च माह तक की राशि हितग्राहियों के खाते में डाल दी गई है, अग्रिम 3 माह की पेंशन डालने की व्यवस्था की जा रही है। हितग्राहियों को केन्द्रीय गरीब कल्याण योजना के तहत राहत पैकेज देने की भी व्यवस्था पूरी कर ली गई है।

## भालु के हमले से घायल युवक का पुलिस थाने में हुआ प्राथमिक उपचार

**गरियाबंद (आरएनएस)।** मवेशी चराने गए युवक के उपर भालु के हमले से उसे घायल अवस्था में थाना लाकर जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ211 बीएन कंपनी के द्वारा इलाज कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उपचार हेतु ले जाया गया। जिसमें मिली जानकारी के अनुसार बलदेव गोड़ पिता देवीसिंह गोड़ उम्र 17 वर्ष ग्राम कुमकोट (अमाड़) निवासी के द्वारा दोपहर एक बजे कोतराडोंगरी जंगल में भैस चराने गया हुआ था उसी दौरान भालु के द्वारा उक्त युवक के उपर पीछे से हमला कर दिया गया हैं। जिससे उसके हाथ और पैर में गंभीर चोट लगी। उक्त युवक को ग्रामीणो के द्वारा पायलीखण्ड जुगाड़ थाना ले कर आए जिसका पुलिसकर्मियो द्वारा प्राथमिक उपचार कर युवक को उचित इलाज के लिए मैनपुर सीएचसी मे लाकर भर्ती किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480